वैश्विक बाजार में भारतीय आभूषणों की चमक बढ़ी

सितंबर में निर्यात 9.43% बढ़कर 2.95 अरब डॉलर पहुंचा

- अप्रैल-सितंबर में रत्न-आभूषणों का कुल निर्यात 3.07% बढ़ा
- सोने की ऊंची कीमतों से सादे आभूषणों का कारोबार प्रभावित

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर. वैश्विक बाजार में भारतीय रत्न-आभूषणों की मांग में सुधार के संकेत मिले हैं. सितंबर में इनका निर्यात सालाना आधार पर 9.43 प्रतिशत बढ़कर 2.95 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जो पिछले साल इसी महीने 2.69 अरब डॉलर था.

चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में भी निर्यात में बढ़ोतरी दर्ज की गई है. उद्योग की रिपोर्ट के मुताबिक, घरेलू बाजार में त्योहारों के दौरान बढ़ी मांग और विदेशों में छुट्टियों के आगामी सीजन ने इस क्षेत्र को सहारा दिया है. उम्मीद है कि त्योहारों और शादी-ब्याह के मौसम के चलते आने वाली तिमाही में भी कारोबार की रफ्तार बनी रहेगी. कामा ज्वेलरी की रिपोर्ट के अनुसार, अप्रैल से सितंबर 2026 के दौरान रत्न-आभूषणों का कुल निर्यात 3.07 प्रतिशत बढ़कर 14.30 अरब डॉलर हो गया. पिछले साल इसी अवधि में यह 13.87 अरब डॉलर था. इस दौरान आयात में भी वृद्धि दर्ज की गई. पहली छमाही में सकल आयात 5.29 प्रतिशत बढ़कर 11.04 अरब डॉलर रहा, जबकि सितंबर में यह पिछले साल की तुलना में 25.48 प्रतिशत बढ़कर 2.07 अरब डॉलर पर पहुंच गया.

जड़े हुए आभूषणों की बढ़ी मांग

सोने की ऊंची कीमतों का असर सादे सोने के आभूषणों के प्रदर्शन पर पड़ा है. इसके विपरीत, जड़े हुए सोने के आभूषणों के निर्यात में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. यह डिजाइन और मूल्यवर्धित आभूषणों के प्रति विदेशी खरीदारों की बढ़ती पसंद को दिखाता है. उद्योग को उम्मीद है कि त्योहारी और शादी के मौसम में मांग बढ़ने से निर्यात को आगे भी समर्थन मिलेगा.

हीरे के कारोबार में बदला रुझान

रिपोर्ट के मुताबिक, हीरे के निर्यात के मूल्य में गिरावट आई है, लेकिन निर्यात की मात्रा बढ़ी है. इससे संकेत मिलता है कि प्रति कैरेट मिलने वाली कीमत में कमी आई है. वहीं, कच्चे हीरों के आयात में बढ़ोतरी भारत की हीरा प्रसंस्करण क्षेत्र में मजबूत स्थिति को दर्शाती है. भारत वैश्विक स्तर पर हीरों की कटाई और पॉलिशिंग का प्रमुख केंद्र है.

अहमदाबाद-सहरसा एक्स. में मिलेंगी बेहतर सेवाएं

नॉन-एसी कोचों में भी लिक्विड साबुन, सफाई और कचरा प्रबंधन के लिए आधुनिक व्यवस्था

नवभारत कनेक्ट

भोपाल, 16 अक्टूबर. यात्रियों की स्वच्छता और सुविधा बेहतर बनाने के लिए अहमदाबाद-सहरसा एक्सप्रेस में उन्नत ऑन-बोर्ड सेवाओं की व्यवस्था की जा रही है. इसके तहत सफाई, कचरा संग्रहण, लिनन प्रबंधन और छोटी-मोटी मरम्मत के कार्यों को व्यवस्थित तरीके से किया जाएगा. सेवाओं की निगरानी के लिए तकनीक और प्रशिक्षित कर्मचारियों की मदद ली जाएगी.

ट्रेन के सभी नॉन-एसी कोचों में लिक्विड साबुन उपलब्ध कराने का प्रावधान किया गया है. इसमें अनारक्षित कोच भी शामिल हैं. इसका उद्देश्य यात्रियों को यात्रा के दौरान व्यक्तिगत स्वच्छता की सुविधा देना है.

घोषणाओं से होगा बेहतर समन्वय

यात्रियों तक जरूरी सूचनाएं पहुंचाने और सफाई व्यवस्था में समन्वय के लिए सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली (पीए सिस्टम) और वायरलेस संचार उपकरणों का उपयोग किया जाएगा. इसके माध्यम से यात्रियों के स्वागत और कचरा संग्रहण से संबंधित पूर्व रिकॉर्डेड घोषणाएं प्रसारित की जाएंगी. ऑन-बोर्ड हाउसकीपिंग सेवाओं से जुड़े कोच अटेंडेंट, पर्यवेक्षकों और सफाई कर्मचारियों को स्वच्छता, लिनन प्रबंधन, सामान्य रखरखाव, छोटी-मोटी मरम्मत और सुरक्षा संबंधी कार्यों का प्रशिक्षण दिया गया है. कर्मचारियों की योग्यता, सत्यापन और निर्धारित वर्दी पर भी ध्यान दिया गया है.

यात्रियों के फीडबैक से सुधरेंगी सेवाएं

सेवाओं की गुणवत्ता और यात्रियों की संतुष्टि का आकलन करने के लिए रेटिंग और फीडबैक व्यवस्था भी रहेगी. यात्रियों से मिलने वाले सुझावों और प्रतिक्रियाओं के आधार पर सेवाओं की समीक्षा कर उनमें सुधार किया जाएगा. इस पहल से सफाई, कचरा प्रबंधन, लिनन वितरण और रखरखाव के कार्यों में बेहतर समन्वय स्थापित करने पर जोर रहेगा.

आरबीआई का नया नियम लागू

बैंकों को रोज रखना होगा 99% नकदी

बैंकिंग व्यवस्था में 3.88 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी

- नकदी आरक्षित अनुपात की मूल दर में कोई बदलाव नहीं

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर. भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बैंकों के नकदी प्रबंधन से जुड़े नियमों को सख्त कर दिया है.16 अक्टूबर से बैंकों को नकद आरक्षित अनुपात (सीआरआर) के तहत निर्धारित राशि का कम से कम 99 प्रतिशत हिस्सा रोजाना रिजर्व बैंक के पास बनाए रखना होगा.

पहले यह सीमा 90 प्रतिशत थी.इस बदलाव से बैंकों को अपनी नकदी का प्रबंधन पहले से अधिक सावधानी से करना होगा.हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि सीआरआर की मूल दर बढ़ाकर 99 प्रतिशत कर दी गई है. यह फैसला ऐसे समय में लागू हुआ है, जब बैंकिंग व्यवस्था में अतिरिक्त नकदी उपलब्ध है.उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, 8 अक्टूबर तक बैंकिंग व्यवस्था में करीब 3.88 लाख करोड़ रुपए की अतिरिक्त नकदी थी.रिजर्व बैंक के इस कदम का उद्देश्य बैंकों के नकदी प्रबंधन को अधिक अनुशासित बनाना और बाजार में उपलब्ध अतिरिक्त नकदी को नियंत्रित करने में मदद करना है.

सीआरआर क्या है, नियम में क्या बदला

सीआरआर यानी नकद आरक्षित अनुपात वह दर है, जिसके तहत बैंकों को अपनी कुल जमा राशि का एक निर्धारित हिस्सा रिजर्व बैंक के पास रखना होता है.इस राशि का इस्तेमाल बैंक ग्राहकों को कर्ज देने या दूसरे कामों के लिए नहीं कर सकते.उदाहरण के लिए, यदि किसी बैंक के पास 100 रुपए की जमा राशि है और सीआरआर की दर 4 प्रतिशत है, तो उसे 4 रुपए रिजर्व बैंक के पास रखने होंगे.

दिल्ली बार काउंसिल की नई कार्यकारिणी गठित

नवभारत कनेक्ट

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर। बार काउंसिल ऑफ दिल्ली (बीसीडी) ने वर्ष 2026 के लिए नई कार्यकारिणी, प्रमुख समितियों और बार काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) में अपने प्रतिनिधि की घोषणा कर दी है। नितिन अहलावत को काउंसिल का चेयरमैन और संगीता सोंधी को वाइस चेयरमैन नियुक्त किया गया है। बीएस जाखड़ को एग्जीक्यूटिव कमेटी का चेयरमैन बनाया गया है। रमित सहरावत ने 10 अक्टूबर को काउंसिल के मानद सचिव का पदभार संभाल लिया।

सेंसेक्स 414 अंक चढ़ा निफ्टी 23,146 पर बंद

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

मुंबई, 16 अक्टूबर.घरेलू शेयर बाजार में शुक्रवार को तेजी का रुख रहा.सूचना प्रौद्योगिकी कंपनियों के शेयरों में जोरदार खरीदारी से बीएसई सेंसेक्स 413.66 अंक यानी 0.56 प्रतिशत चढ़कर 74,729.27 अंक पर बंद हुआ.वहीं, एनएसई निफ्टी 50 में 148.80 अंक यानी 0.65 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई और यह 23,146.15 अंक पर पहुंच गया.कारोबार की शुरुआत कमजोरी के साथ हुई थी, लेकिन बाद में निवेशकों की खरीदारी से दोनों प्रमुख सूचकांक हरे निशान में आ गए. बाजार को मुख्य रूप से सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के शेयरों से सहारा मिला.टेक महिंद्रा, इन्फोसिस और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) में बढ़त ने बाजार की धारणा मजबूत की.

समुदाय की सेवा के 14 वर्ष पूरे

एसओए कम्युनिटी रेडियो ने मनाया स्थापना दिवस

नवभारत कनेक्ट

भुवनेश्वर, 16 अक्टूबर. एसओए कम्युनिटी रेडियो ने गुरुवार को अपनी स्थापना के 14 वर्ष पूरे होने पर वर्षगांठ मनाई. रेडियो स्टेशन ने इन वर्षों में जागरूकता बढ़ाने, सूचनाएं पहुंचाने और शिक्षा के प्रसार के लिए विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से समुदाय की सेवा की है. 'एक जिम्मेदार रेडियो' की अपनी पहचान के साथ स्टेशन लोगों को जानकारी देने, शिक्षित करने, सशक्त बनाने और प्रेरित करने की दिशा में काम कर रहा है.

कार्यक्रम में एसओए डीम्ड विश्वविद्यालय की परीक्षा नियंत्रक प्रो. मंजुला दास ने रेडियो टीम को बधाई दी. उन्होंने कहा कि टीम ने उल्लेखनीय काम करते हुए रेडियो को लोकप्रिय बनाया है. ओडिशा कम्युनिटी रेडियो एसोसिएशन के अध्यक्ष डॉ. शिशिर दास ने युवाओं को जागरूकता से जुड़े कार्यक्रमों के लिए प्रेरित करने की पहल की सराहना की. उन्होंने कहा कि यह प्रयास दूसरों के लिए भी उदाहरण बन सकता है.

एसओए कम्युनिटी रेडियो की प्रभारी हनी पटनायक ने कहा कि रेडियो को अधिक जिम्मेदार बनाने और जनजागरूकता में इसकी भूमिका मजबूत करने के प्रयास जारी रहेंगे. कार्यक्रम में प्रो. मधुब्रता महंती, रेडियो के कर्मचारी और विद्यार्थी भी उपस्थित रहे.

प्रत्यक्ष कर संग्रह 13.38 लाख करोड़

नई दिल्ली. चालू वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष कर संग्रह की रफ्तार मजबूत बनी हुई है.आयकर विभाग के अनुसार, वित्त वर्ष 2026-27 में 14 अक्टूबर तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह पिछले साल की समान अवधि के मुकाबले 13.21 प्रतिशत बढ़कर 13.38 लाख करोड़ रुपये हो गया.कंपनियों से मिलने वाले कर, व्यक्तिगत करदाताओं की ओर से जमा कर और प्रतिभूति लेनदेन कर से प्राप्तियों में वृद्धि ने संग्रह को सहारा दिया.हालांकि, इसी अवधि में करदाताओं को लौटाई गई राशि में भी बढ़ोतरी हुई है.

इलाज से नवजात को मिला नया जीवन

नवभारत कनेक्ट

भुवनेश्वर, 16 अक्टूबर. समय पर बीमारी की पहचान, बेहतर समन्वय और त्वरित इलाज से एसयूएम अस्पताल के डॉक्टरों ने गंभीर हालत में पहुंचे नवजात की जान बचा ली. बच्चे का जन्म खुर्दा में हुआ था. जन्म के आठ घंटे बाद ही उसे सांस लेने में परेशानी होने लगी, जिसके बाद परिजन उसे इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड एसयूएम अस्पताल लेकर पहुंचे.

अस्पताल की नवजात गहन चिकित्सा इकाई (एनआईसीयू) में भर्ती करने के बाद बच्चे की हालत और बिगड़ गई. उसे शॉक की स्थिति के साथ निम्न रक्तचाप की समस्या हुई. रक्तचाप नियंत्रित करने के लिए कई दवाएं देनी पड़ीं. इसके बाद की गई 2डी इकोकार्डियोग्राफी जांच में हृदय के संकुचन की क्षमता कमजोर होने और महाधमनी के वाल्व में गंभीर संकुचन का पता चला. स्थिति की गंभीरता को देखते हुए हृदय रोग विशेषज्ञों की तत्काल सलाह ली गई. इसके बाद बच्चे की बैलून वाल्वोटोमी प्रक्रिया की गई, जिससे उसकी हालत में सुधार हुआ.

जियो आईपीओ पर बुलिश एनालिस्ट

20% तक बढ़त की उम्मीद

- एमके रिसर्च और स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट की 'सब्सक्राइब' रेटिंग
- वित्त वर्ष 2026 की कमाई के आधार पर एयरटेल से कम वैल्यूएशन.

नवभारत कनेक्ट

मुंबई, 16 अक्टूबर. जियो प्लेटफॉर्म्स के आईपीओ को लेकर बाजार विश्लेषकों का रुख सकारात्मक है. प्राइस बैंड सामने आने के बाद जारी रिपोर्टों में कंपनी की लिस्टिंग पर 15 से 20 प्रतिशत तक बढ़त की संभावना जताई गई है. हालांकि, यह अनुमान है और वास्तविक प्रदर्शन बाजार की स्थिति, निवेशकों की मांग और आईपीओ को मिलने वाली प्रतिक्रिया पर निर्भर करेगा.

5जी पर खर्च घटने से नकदी बढ़ने की उम्मीद

जियो के लिए 5जी नेटवर्क पर भारी पूंजीगत खर्च का दौर काफी हद तक पूरा होना अहम माना जा रहा है. एमके रिसर्च के अनुसार, वित्त वर्ष 2023-24 से 2025-26 के बीच कंपनी का पूंजीगत खर्च राजस्व के 48.8 प्रतिशत से घटकर 23.3 प्रतिशत रह गया. वित्त वर्ष 2025-26 में कंपनी का मुक्त नकदी प्रवाह करीब 32,500 करोड़ रुपये रहा. विश्लेषकों को उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में बड़े निवेश की जरूरत कम होने से कंपनी के पास ज्यादा नकदी उपलब्ध होगी.

एमके रिसर्च ने 16 अक्टूबर को जारी अपनी रिपोर्ट में आईपीओ को 'सब्सक्राइब' रेटिंग दी है. ब्रोकरेज के अनुसार, जियो की बाजार में मजबूत स्थिति, कीमत तय करने की क्षमता, बेहतर क्रियान्वयन और भविष्य में विस्तार की संभावनाओं को देखते हुए इसका मौजूदा मूल्यांकन उचित है. स्वास्तिका इन्वेस्टमार्ट ने भी आईपीओ को सब्सक्राइब करने की सलाह दी है.

एयरटेल के मुकाबले कम मूल्यांकन

वित्त वर्ष 2025-26 की कमाई के आधार पर जियो का मूल्य-आय अनुपात (पी/ई) ऊपरी प्राइस बैंड पर करीब 33.3 गुना है, जबकि भारती एयरटेल का यह अनुपात 40.7 गुना है. इस आधार पर जियो का मूल्यांकन एयरटेल से करीब 18 प्रतिशत कम बैठता है. दूसरे मूल्यांकन आधार पर भी कुछ विश्लेषकों ने जियो को एयरटेल के मुकाबले करीब 14 प्रतिशत सस्ता आंका है. हालांकि, विश्लेषकों का कहना है कि जियो की भविष्य की संभावित वृद्धि का कुछ हिस्सा मौजूदा कीमत में शामिल हो सकता है. विश्लेषकों के मुताबिक, मोबाइल सेवाओं के अलावा होम ब्रॉडबैंड, उद्यम सेवाएं, क्लाउड और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) जियो के विकास के प्रमुख क्षेत्र बन सकते हैं.

एआई एजेंटों ने बिना अनुमति पढ़ा भारतीय कंपनियों का गोपनीय डेटा

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर.कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के बढ़ते इस्तेमाल के बीच भारतीय कंपनियों के गोपनीय आंकड़ों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता सामने आई है. केंद्र सरकार की साइबर सुरक्षा एजेंसी भारतीय कंप्यूटर आपातकालीन प्रतिक्रिया दल (सर्ट-इन) ने गंभीर श्रेणी की चेतावनी जारी करते हुए बताया है कि शोध और परीक्षण के लिए इस्तेमाल किए जा रहे कुछ एआई एजेंट भारत के कई संगठनों के वास्तविक कंप्यूटर तंत्र तक पहुंच गए.इन एजेंटों ने बिना अनुमति कारोबारी रिकॉर्ड और व्यक्तिगत जानकारी सहित गोपनीय आंकड़े पढ़े.

भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर जल्द मुहर

नई दिल्ली, 16 अक्टूबर. केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते को जल्द अंतिम रूप दिए जाने की उम्मीद जताई है.उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है और वैश्विक व्यापार के साथ ही दोनों साझेदार देशों के हित में समझौते को जल्द पूरा किया जाना चाहिए. थाईलैंड के बैंकॉक में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक की वार्षिक बैठकों के दौरान अटलांटिक काउंसिल के साथ संवाद में सीतारमण ने यह बात कही.उन्होंने बताया कि भारत के वाणिज्य मंत्री भी समझौते पर जल्द हस्ताक्षर किए जाने की इच्छा जता चुके हैं. सीतारमण ने चीन के साथ व्यापार में बढ़ते असंतुलन को भी प्रमुख चिंता बताया.उन्होंने भारतीय उत्पादों को चीनी बाजार में प्रवेश देने से जुड़ी लगातार बनी हुई पाबंदियों का मुद्दा उठाया. चीन के पक्ष में झुका व्यापार संतुलन और भारतीय निर्यात के लिए बाजार तक सीमित पहुंच दोनों देशों के बीच व्यापार की प्रमुख चुनौतियां हैं.

In The Court Of II Civil Judge Class-I Itarsi District Court Hoshangabad

Presiding Officer: श्रीमती आयुषी गुप्ता

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

(RCS A/0000023/2017)

स्टेला बाई..... .....वादी

Vs

मरिया जैकब.....प्रतिवादी

Process Id-/2026

पेशी दिनांक - 18/11/2026

प्रेषिती-**(1)** अमित आशेर पिता फिलोमन आशेर पता गीता बिहार कालोनी मिनाल रेसीडेंसी भोपाल म.प्र. **(2)** अजय आशेर पिता फिलोमन आशेर पता गीता बिहार कालोनी मिनाल रेसीडेंसी भोपाल म.प्र.**(3)** लारेंस आशेर पिता फिलोमन आशेर पता गीता बिहार कालोनी मिनाल रेसीडेंसी भोपाल म.प्र.

यह कि प्रार्थी स्टेला बाई ने आपके विरुद्ध आवेदन अंतर्गत धारा 34,38 विशिष्ट राहत अधिनियम 1963 के लिये वाद संस्थित किया हैं .आपको इस न्यायालय में सूचना प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात/ हाजिर होने के लिये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके. आपको यह निर्देश भी दिया जाता हैं कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में हैं पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मुजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते हैं तो सभी दस्तावेज को लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्ट करें. आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 13 October 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायाधीश
श्रीमती आयुषी गुप्ता

न्यायालय की मुद्रा

द्वितीय व्य.न्याय.वरि.खं. इटारसी जिला नर्मदापुरम मप्र

टिप्पणी :-आवेदन की प्रति पेश नहीं

कृपया ध्यान दें- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

कार्यालय नगर पालिका परिषद विदिशा

क्रमांक/6336 to 6343,6405/लोक निर्माण शाखा/2026 — विदिशा, दिनांक 06/10/2026

:: ई-निविदा आमंत्रण सूचना ::

नगर पालिका परिषद विदिशा द्वारा निम्न कार्यों हेतु ई-निविदाओं का आमंत्रण किया गया है। जिसका विवरण निम्नानुसार है :-

क्र	निविदा क्र	ई-टेन्डर न.	कार्य का विवरण	निविदा विवरण	कार्य की अनुमानित लागत	अमानत राशि	ई-निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्य पूर्ण की समयावधि	ई-निविदा क्रय अंतिम दिनांक
1	6336	2026_UAD_541865_1	Construction work of C.C. Road at ward no 04 arihant vihar colony phase-2 vinod rathor to rishav goyal house vidisha.	I Call	1837014.00	13778.00	2000.00	06 month	14-11-2026
2	6337	2026_UAD_541888_1	Construction work of RCC drain at ward no 07 Rajput colony various streets.	I Call	1632806.00	12246.00	2000.00	06 month	16-11-2026
3	6338	2026_UAD_541995_1	Construction work of C.C. Road at ward no 07 vaishali nagar deepak sahu to mahendra raghuwashi and mohan dhakad house to pradeep sharma and varios streets.	I Call	854709.00	8547.00	2000.00	03 month	30-10-2026
4	6339	2026_UAD_541999_1	Construction work of C.C.Road at ward no 11 shankar nagar main road to anand shrivastava house and abhishek rajput house vidisha .	I Call	2162568.00	16219.00	5000.00	06 month	16-11-2026
6	6341	2026_UAD_542002_1	Construction work of C.C. Road at ward no 32 vershana school ke pichhe manoj vishwakerma house to dangi house vidisha	I Call	1806053.00	13545.00	2000.00	06 month	16-11-2026
7	6342	2026_UAD_542011_1	Construction work of C.C. Road at ward no 23 Dr. nigam to harish taal vidisha.	I Call	1130299.00	8477.00	2000.00	06 month	16-11-2026
8	6343	2026_UAD_542023_1	Construction work of C.C. Road at ward no 23 Swarnkar colony ballu shrivastava house to indu jainhospital at vidisha municipality.	I Call	1069627.00	8022.00	2000.00	06 month	16-11-2026
9	6405	2026_UAD_542030_1	Construction work of C.C. Road at ward no 37 manoj shirvastava houst to manoj rathour house puranpura gali no 04 and 05 vidisha	I Call	1876588.00	14074.00	2000.00	06 month	16-11-2026

नोट :- निविदा प्रपत्र क्रय, डाउनलोड करने एवं निविदा से संबंधित समस्त शर्तें एवं जानकारी https://www.mpetenders.gov.in से एवं नगर पालिका परिषद विदिशा की लोनिवि शाखा से प्राप्त की जा सकती है। इसके बाद किसी भी प्रकार का संशोधन होने पर बेवसाइट पर या कार्यालय से जानकारी प्राप्त होगी। संशोधन का प्रकाशन समाचार पत्र में नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद,विदिशा